## संक्षिप्त

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज

**किशनगढ़ बास।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय 17 से 19 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव व समारोह अध्यक्ष नगर पालिका चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल ने विद्यालय प्रांगण में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व झंडा रोहण कर किया। जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव, चैयरमेन तारामणि सतीश सिंघल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाडा, मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आशीष यादव का विद्यालय प्रधानाचार्य मंजू यादव सहित स्टाफ ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए छात्र एवं छात्राओं को संबोधित किया और कहा खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढे और अपने गांव शहर व परिवार के नाम को रोशन करें। विद्यालय प्रधानाध्यापिका मंजू यादव ने स्वागत भाषण में बताया कि प्रतियोगिता में 32 टीम शामिल हुई है और इसमें 138 प्रतिभागी हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान एसडीएमसी सदस्य हरमेश खुराना ,जेपी यादव, जनेश भूटानी, जय सिंह सरदार, मनीष लखयाणी, माया खडेलवाल सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### समारोह में पन्या सेपट की प्रस्तुति

**बौंली- बामनवास ।** शिव बगीची के श्री राम कला मंडल मंच बौंली के प्रांगण में 21 सितंबर सोमवार रात्रि 9 बजे से नारद मोह प्रसंग के साथ ही रामलीला मंचन का शुभारंभ हो गया। श्री राम कला मंडल बौंली के संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि रामलीला का मंचन 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक किया जाएगा, इस दौरान मुख्य हास्य कलाकार जगदीश छैला पन्या सेपट भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रामलीला मंचन के शुभारंभ में सर्वप्रथम नारद मोह के प्रसंग पर जीवंत रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें महर्षि नारद को कामदेव पर विजय प्राप्त करने के कारण अहंकार हो गया, यह समाचार जब उन्होंने अपने पितामह ब्रह्मा को बताया तो उन्होंने इस समाचार को जगत के पालनहार भगवान विष्णु को नहीं बताने के लिए समझाकर शिक्षा दी।मंगलवार को रावण, कुंभकरण व विभीषण जन्म एवं भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, व शत्रुधन के जन्म सहित विद्या अध्ययन की लीला का मंचन किया जाएगा।

### मंजू रावत जिलाध्यक्ष नियुक्त

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा ने राजस्थान प्रदेष महिला कांग्रेस में प्रदेषाध्यक्ष सारिका सिंह की अनुषंषा पर प्रदेष पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की हैं। इसी क्रम में नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ महिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष पद पर कांग्रेस नेता मंजू रावत को नियुक्त किया गया हैं। उल्लेखनीय है कि मंजू पूर्व में राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटपूतली की छात्रसंघ अध्यक्ष रही हैं एवं वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के टिकिट से जिला पार्षद भी हैं। उन्होंने उपरोक्त नियुक्ति पर महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा, प्रदेषाध्यक्ष सारिका सिंह, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट व सांसद प्रत्याषी अनिल चौपड़ा समेत शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया हैं। साथ ही कांग्रेस पार्टी में महिलाओं के नेतृत्व को आगे लाकर कार्य करने की प्रतिबद्धता भी जताई हैं।

### अवैध शराब रखने का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** मेहन्दवास थाना क्षैत्र में अवैध शराब परिवहन की कार्यवाही के दौरान वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी एवं थानाधिकारी मेंहन्दवास ओमप्रकाश नेतृत्व में मेहन्दवास क्षेत्र स्थित एनएच 52 दाखिया पुलिया से आरोपी महेन्द्र सैनी पुत्र रामकरण उम्र 40 साल निवासी छान थाना मेहन्दवास के कब्जे से दो लीटर अवैध हथकड शराब जप्त कर गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ थाने में अवैध शराब परिवहन मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# खैरथल में 4 को जनसभा, विधायक ने नेता प्रतिपक्ष जूली को आने का निमंत्रण दिया

**खैरथल।** खैरथल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले करीब 45 दिन से जिले के नाम व मुख्यालय बदलने को लेकर चल रहे धरने व प्रदर्शन की कड़ी में 4 अक्टूबर को आयोजित होने वाली विशाल जन सभा के लिए विधायक दीपचंद खेरिया ने विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात कर उन्हें खैरथल जनसभा में आने का निमंत्रण दिया है।

विधायक दीपचंद खेरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि खैरथल- तिजारा जिले का नाम परिवर्तन एवं जिला मुख्यालय अन्यत्र ले जाने के विरोध में 4 अक्टूबर को होने जा रही जन सभा में आने के लिए विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को विधायक दीपचंद खेरिया एवं किशनगढ़ बास विधानसभा प्रभारी गफूर खान ने अलवर कार्यालय पहुंचकर निमंत्रण पत्र सौंपा है।

विधायक दीपचंद खेरिया ने जूली को बताया है कि खैरथल तिजारा जिले का नाम परिवर्तन कर भर्तृहरि नगर घोषित करने व जिला मुख्यालय को अन्यत्र ले जाने की संभावनाओं से संपूर्ण खैरथल एवं



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को खैरथल आने का निमंत्रण विधायक दीपचंद खेरिया ने दिया।

- खैरथल तिजारा जिले के नाम व मुख्यालय को लेकर बना है विवाद
- खैरथल तिजारा जिले का नाम परिवर्तन कर भर्तृहरि नगर घोषित करने व जिला मुख्यालय को अन्यत्र ले जाने की संभावनाओं से संपूर्ण खैरथल एवं आसपास के क्षेत्र की जनता में गहरा आक्रोश है
- खैरथल बचाओ संघर्ष समिति के बेनर तले करीब 45 दिन से खैरथल में चल रहा है धरना

आसपास के क्षेत्र की जनता में गहरा आक्रोश एवं असंतोष पैदा है।

जिसको लेकर 4 अक्टूबर 2025 को नई अनाज मंडी खैरथल में सुबह 10:00 बजे एक विशाल जनसभा रखी गई है। विधायक ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से जनसभा में पधारकर खैरथल तिजारा जिले की जनता को शक्ति प्रदान करने एवं खैरथल बचाओ संघर्ष समिति का मार्गदर्शन करने का आग्रह किया है।

### वोट चोर गद्दी छोड़ को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरु

**फुलेरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा मेघवाल की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित हुई जिसमें जिला प्रभारी नरेंद्र सिंह बाटड विधानसभा, प्रभारी विजय सिंह राजू तथा डीसीसी प्रभारी नानूराम के आतिथ्य में ''वोट चोर गद्दी छोड़'' हस्ताक्षर अभियान के रूप में मीटिंग आयोजित हुई जिसमें फुलेरा विधानसभा के विभिन्न पंचायत, मंडल, और नगर के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य आम जनता तक यह संदेश पहुंचाना कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार द्वारा आम जनता का कपट पूर्वक वोट चोरी किया जा रहा है। जिसके कारण तथा निर्वाचन सूची से बेवजह कार्यकर्ताओं के नाम काटे जा रहे हैं इस हेतु जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। इस सभा के माध्यम से ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा मेघवाल अतिथि गणों का स्वागत किया तथा विभिन्न कार्यक्रम जो विधानसभा में ब्लाक स्तर पर आयोजित किए जाने हैं, की घोषणा की सभा का संचालन ब्लॉक प्रवक्ता, तथा फुलेरा संगठन महामंत्री शैलेंद्र शर्मा ने किया। सभा में प्रधान सहदेव गुर्जर फुलेरा नगर अध्यक्ष अमरचंद सैनी, सांभर नगर अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला, नरेना अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश स्वामी, सरपंच हरदेव चौधरी, पंचायत समिति सदस्य धन्ना लाल नोदल सहित विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# नारद मोह की लीला के साथ शुरू हुई किशनगढ़ बास में रामलीला

**किशनगढ़ बास।** कला मंच समिति के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति कला मंच के कलाकारों ने किशनगढ़ पीजी कॉलेज के खेल मैदान पर गणेश पूजन कर नारद मोह की लीला दिखाकर भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित रामलीला का शुभारंभ किया।

कला मंच समिति के मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने बताया कि रविवार को कला मंच समिति के तत्वाधान व निर्देशन मे होने वाली रामलीला का

- महिलाओं व बच्चों में भारी उत्साह बड़ी संख्या में पहुंचे रामलीला देखने कलाकारों का बढ़ाया उत्साह

शुभारंभ किशनगढ़ पीजी कॉलेज खेल के प्रांगण में गणेश पूजन कर नारद मोह की लीला कला मंच के कलाकारों की ओर दिखाई गई।

इस दौरान पंडित देवेन्द्र वशिष्ठ ने गणेश पूजन करवाया गया तथा संस्था के संरक्षकों द्वारा रामलीला का उद्घाटन किया गया।

लीला में भगवान शिव द्वारा माता पार्वती के आग्रह करने पर भगवान राम की कथा सुनाने के लिए कहना, तथा नारदजी की तपस्या के कारण इंद्र आसान का डोलायमन होना, कालिया देव द्वारा इसका पता लगाना, कामदेव के द्वारा नारद की तपस्या भंग करने की कोशिश करना तथा क्षमा याचना करना, नारद द्वारा अभिमान करना, विष्णु द्वारा नारद का अभिमान तोड़ना तथा नारद द्वारा विष्णु जी को श्राप देना आदि का मंचन किया गया ।

व्यास पीठ की भूमिका चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा निभाई गई तथा प्रथम बार मंच पर नारद का अभिनय करने पर हरीश गोयल तथा इंद्र की भूमिका में दीपक सैन ने जमकर तालियां बटोरी। गणेश- हर्ष शर्मा, शिव- गजेंद्र यादव, पार्वती -मयंक शर्मा, शीलनिधि- नवीन मदान, नारद -हरीश गोयल, विष्णु- पीयूष शर्मा ,कामदेव- साहिल यादव ,इंद्र- दीपक सैन् ,कालिया देव- हरिओम गुप्ता, मंत्री- महिपाल जांगिड़ आदि ने भूमिका निभाई। इस दौरान उमेश कांत वसिष्ठ, देवेन्द्र तिवारी, खेम चंद्र यादव, हरिशंकर सोनी ,विकास गोयल, राकेश तिवारी, पंकज सोनी आदि मौजूद रहे।

# शान-ए-शौकत के साथ निकली भगवान श्रीराम की बारात

**फुलेरा ।** श्री रेलवे रामलीला व सांस्कृतिक कमेटी के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की बारात सोमवार को रेलवे रामलीला मैदान से रथ व घोड़ों पर बैण्ड-बाजे के साथ श्रीराम नगर से विभिन्न मार्गो से होते हुए मुख्य बाजार पंहुचने पर श्रीराम बारात का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया, उसके बाद रावणा राजपूत समाज की ओर से सांभर बाईपास रोड पर स्थित मेजर दलपत सिंह सर्किल को बनाई गई जनकपुरी पहुंचने पर स्थानीय लोगो ने श्रीराम की बारात में पंहुचने वाले सभी बारातीयों व रामलीला के सदस्यों का स्वागत किया। बारात के दौरान अनुशासित व्यवस्था बनाने में पुलिस थानाधिकारी चंद्रप्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सहयोग प्रदान किया। इससे पूर्व श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान की ओर से हाइफा हीरो शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत के 107वें बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उसके बाद भगवान श्रीराम की बारात का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत



फुलेरा में भगवान श्रीराम की बारात गाजे बाजे के साथ निकाली।

- जनकपुरी में हुआ भव्य स्वागत
- भगवान श्रीराम के वन-गमन का मंचन आज

में सहभोज का आयोजन हुआ, इस अवसर पर रावणा राजपूत समाज के गिरधारी सिंह शेखावत, हनुमान शसिंह परिहार, गोविंदसिंह बडग़ुर्जर, मोहनसिंह तंवर, मानसिंह, विरेन्द्र सिंह, विकास सिंह, हितेश सिंह, इंद्र सिंह, औमसिंह बडग़ुर्जर, योगेन्द्र सिंह, नकुल सिंह सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। प्रवक्ता शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि रामलीला रंगमंच पर निर्देशक राजेश शर्मा के सानिध्य में मंगलवार को श्रीराम के राजतिलक की तैयारी, देवताओं के द्वारा विघ्न डालना, कैकयी-मंथरा संवाद, दशरथ कैकयी संवाद, श्रीराम का वन गमन का मार्मिक दृश्य दिखाया जायेगा।

### रामलीला मंचन का शुभारंभ

**बौंली- बामनवास।** शिव बगीची के श्री राम कला मंडल मंच बौंली के प्रांगण में 21 सितंबर सोमवार रात्रि 9 बजे से नारद मोह प्रसंग के साथ ही रामलीला मंचन का शुभारंभ हो गया। श्री राम कला मंडल बौंली के संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि रामलीला

- रामलीला का मंचन 1 अक्टूबर तक किया जाएगा,हास्य कलाकार भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

का मंचन 1 अक्टूबर तक किया जाएगा, इस दौरान मुख्य हास्य कलाकार जगदीश छैला पन्या सेपट भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रामलीला मंचन के शुभारंभ में सर्वप्रथम नारद मोह के प्रसंग पर जीवंत रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें महर्षि नारद को कामदेव पर विजय प्राप्त करने के कारण अहंकार हो गया, यह समाचार जब उन्होंने अपने पितामह ब्रह्मा को बताया तो उन्होंने इस समाचार को जगत के पालनहार भगवान विष्णु को नहीं बताने के लिए समझाकर शिक्षा दी।मंगलवार को रावण, कुंभकरण व विभीषण जन्म एवं भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, व शत्रुधन के जन्म सहित विद्या अध्ययन की लीला का मंचन किया जाएगा।

# टोंक में अग्रवाल समाज की 70 प्रतिभाये सम्मानित

**टोंक ।** अग्रवाल सेवाकर्मी संगठन के तत्वावधान में मुख्यालय स्थित होटल राज मिडवे पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में अग्रवाल समाज के कक्षा 10, 12, स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओ में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा एमईईटी,

- अग्रवाल समाज के कक्षा 10, 12, स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया गया

आईआईटी, व जेएटी आदि प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चयनित होने वाले 70 छात्र छात्राओ को सम्मानित किया




अग्रवाल सेवाकर्मी संगठन के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

गया। प्रत्येक वर्ग मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 12 प्रतिभाओं को डायमण्ड ऑफ ईयर की उपाधी से नवाजा जाकर उन्हे कार्यक्रम मे अलग से मंच पर बिठाकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल रही तथा अध्यक्षता मुरारी लाल सिंहल, विशिष्ठ अतिथि डा. अमित गुप्ता, डा. हिमांशु मित्तल जिला क्षय रोग अधिकारी, डा. चेतन जैन उप नियंत्रक सहादत अस्पताल, व राजीव बंसल उपाध्यक्ष एवं सुनिल जैन रहे। इस दौरान संगठन की अध्यक्ष पदमा जैन ने बताया कि अग्रवाल समाज के अधिकारी कर्मचारीयो का यह संगठन

### बौरंगी में भरे पानी डूबने से बच्चे की मौत

**निवाई।** रक्तांचल पहाड़ के पीछे स्थित बौरंगी में भरे पानी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि परिजनों ने जानकारी दी कि प्रिंस सैनी पुत्र टीकम सैनी उर्फ बबलू निवासी पहाड़ी चुंगी नाका रविवार को ट्यूशन पढक़र करीब 3 बजे आया और बस्ता रखकर घर से चला गया। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश की। आसपास ढूंढने के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस बच्चे की तलाश में लग गई और आसपास लगे हुए सीसी टीवी कैमरों को चेक किया तो वह 4 बजे तक मोहल्ले में ही दिखाई दिया। सोमवार की सुबह पानी के किनारे चप्पलें व कपड़े पड़े हुए देखकर लोगों ने परिवारजनों को सूचित किया। सूचना पर पुलिस व परिवारजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाया। एसडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर पहुंची और पानी में तलाशी की। एसडीआरएफ टीम प्रभारी मुनेश कुमार के नेतृत्व में बालक के शव को रेस्क्यू कर किया गया।

## सार-समाचार

### ''एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम में जलदाय कर्मचारियों ने पौधे रोपो



**डिग्गी ( टोंक )।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी द्वारा आयोजित भव्य एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में जलदाय इंटक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जलदाय इंटक के प्रांतीय संरक्षक आदरणीय जे.पी. शर्मा के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में लगभग 25,000 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के दौरान संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शेखावत, विधि सलाहकार मुकेश कुमार माथुर, मीडिया प्रभारी राजीव नागर, युथ अध्यक्ष विनोद कुमार मीणा, खण्ड अध्यक्ष गंगासहाय मीणा, वृत अध्यक्ष हरिनारायण मीणा, सहित श्रवण जाट, देवराज सिंह, संपत सिंह, भवानी सिंह तथा बडी संख्या में जलदाय कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जलदाय इंटक ने कहा कि संगठन हमेशा समाज व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हर सदस्य को वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### प्रतिभाओं का सम्मान

**कोटपूतली।** अग्रवाल समाज समिति द्वारा श्री अग्रसेन भवन में अग्र महोत्सव 2025 के अंतर्गत समाज का वार्षिक अधिवेशन व प्रतिभा सम्मान समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन एवं कुल देवी लक्ष्मी माता के समक्ष मुख्य अतिथि प्रधान लेखा नियंत्रक सतीश कुमार गर्ग, विशिष्ठ अतिथि एड. अशोक बंसल, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता व अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड. योगेष शरण बंसल द्वारा द्वीप प्रज्जवलित व माला अर्पण करके की गई। अध्यक्षता अग्रवाल समाज अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल ने की। अतिथियों में पूर्व समाज अध्यक्ष किशनलाल मोरीजावाला, रमेश किताबवाला, रघुवीर गोयल, ओमप्रकाश बंसल, डॉ. अष्वनी गोयल, अनिल बंसल, कमल गर्ग आदि मौजूद रहें। अतिथियों का माला व दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर ऐसे वृद्ध दंपति जिनके विवाह को 50 वर्ष पूर्ण हो गये उनका भी स्वागत सम्मान किया गया। समाज के प्रतिभावान विधार्थियों डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, 10वीं, 12 वीं में 80 प्रतिषत से ज्यादा अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर गौरवान्वित किया गया। समाज में विशिष्ठ सेवाये देने वाले भामाशाहों व विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहने वाले बालक बालिकाओं व महिलाओं का माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन लक्ष्मीनारायण गुरुजी ने किया। मीडिया प्रभारी हेमंत मोरीजावाला ने बताया की अधिवेशन में समाज के लोगों व अतिथियों ने समाज को सशक्त व संगठित बनाने पर विस्तृत विचार विमर्श किया व आगामी कार्यो की रूपरेखा पर चर्चा करते हुये समाज के सभी वर्गो से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। नये भवन की जमीन खरीदने व निर्माण के लिये भामाशाह एड. अशोक बंसल ने 50 लाख, पियूष बंसल इवेंट वाले ने 05 लाख व हीरालाल दीवान ने 01 लाख रूपये देने व अशोक कुमार, आकाश बंसल एवं ओमप्रकाश बंसल ने दो-दो एसी देने की घोषणा की। सदन का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा गया व आय व्यय का विवरण सदन के पटल पर रखा गया। अध्यक्ष एड. योगेश शरण बंसल ने अतिथियों एवं समाज बंधुओ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल, महामंत्री नितेश बंसल, मंत्री प्रमोद गोयल, आजीवन सदस्य हरिनारायण मोरीजावाला, समिति सदस्य रामविलास सिंघल, अमरनाथ बंसल, सुभाष चंद्र बंसल, राजेश बंसल, अशोक बंसल, दीपक ततारपुरिया, नरेश अग्रवाल, पार्षद मनोज अग्रवाल, दिनेश सिंघल, सांवरमल गोयल, भारत बंसल, राजेश सवाईका, योगेश गुप्ता, सूर्यकांत मोदी, संगम गुप्ता, अमित अग्रवाल, गोविंद बीदाणी, कार्यवाहक महिला मंडल अध्यक्ष लाजवंती देवी, अमित शरण बंसल, आदित्य मोरीजावाला समेत अन्य मौजूद रहें।

### रावण जन्म लीला मंचन

**दूदू ।** श्री रामलीला नवयुवक मंडल के तत्वाधान में आयोजित रामलीला के दौरान रावण जन्म रावण विवाह मेघनाथ दिग्विजय की लीलाओं का मंचन किया गया मंडल निदेशक कुंज बिहारी सोनी वह राम प्रकाश पारीक ने बताया कि लीला का शुभारंभ भगवान विष्णु की आरती के साथ किया गया लीला मंचन में विष्णु का आशीष पारीक व रावण का रमेश शर्मा मेघनाथ का राम प्रकाश पारीक इंद्र का देवेंद्र भाटी कुबेर सूर्य देव का राकेश अठावाल पवन देव का अमित जोशी ब्रह्मदेव का हरिशंकर पारीक कुंभकरण का टोनू पारीक विभीषण का रवि धनोपिया मय दानव का कुंज बिहारी सोनी मंदोदरी का अशोक कुमार ने किरदार निभाकर रामलीला मे अहम भूमिका निभाईदूदू 22 सितंबर सोमवार से शुरू हुए शारदीय नवरात्रा स्थापना के साथ घरों घरों में घट स्थापना की जाकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर मिट्टी के कलशों में जवारे लगाए गए वहीं मंदिरों में पाठ शुरू किए गए इस दिन व्यापारिक प्रतिष्ठानों का शुभारंभ किया गया तथा दुपहिया व चौपया वाहनों के शोरूम पर खरीदारों की भीड़ लगी रही

### मोक्षधाम में श्रमदान

**निवाई।** भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत झिलाय रोड पर स्थित मोक्षधाम में विधायक रामसहाय वर्मा एवं नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण व श्रमदान किया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन अभियान व भाजपा सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अधिकाधिक श्रमदान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रखने से मानसिक व शारीरिक लाभ होता है। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने आ ान करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। शहर अध्यक्ष व पार्षद नितिन छाबड़ा ने बताया कि सेवा पावड़ा के तहत मोक्षधाम में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण व श्रमदान किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी रामकरण सिंह, तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी, भाजपा शहर महामंत्री जयनारायण कुमावत, वंशप्रदीप पारीक, शंकरलाल पडियार, शंकरलाल हाथीवाल, नरेश कसाणा, रामकेश मीणा, जितेंद्र धारवाल, मनोज पाटनी, सियाराम शर्मा, पन्नू सिंह, ताराचंद गोयल, पदम लुहारा, ओमप्रकाश गौतम, गिरिराज जाट, जमादार लालचन्द, जोंटी नकवाल एवं लक्ष्मीचंद शर्मा सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, पार्षद व नगरपालिका के सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

### 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**निवाई।** मंगलवार को विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते 3 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता धनराज यादव ने बताया कि सुबह 7 से 10 तक श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, काली का बाग रोड, 80 फीट रोड, वेयर हाउस क्षेत्र, दशहरा मैदान, कीर कॉलोनी, टोंक रोड, खारी कुई, बस स्टेण्ड व मालियों का मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### व्यापारियों को किए फूल भेट

**पावटा।** देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों एवं जीएसटी दरों में की गई कमी के लागू होने के उपलक्ष्य में विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ ने पावटा कस्बे के मुख्य बाजारों में व्यापारियों और ग्राहकों के बीच जाकर जनसंपर्क किया व कारोबारी प्रतिष्ठानों में जाकर कारोबारियों और वहां मिले ग्राहकों से बात की और जीएसटी सुधारों पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी की घटी दरों को लेकर गुलाब का फूल दिया और साथ ही कहा कि जीएसटी की घटी दरों का लाभ ग्राहकों को जरूर दीजिए जिससे आपका कारोबार और समृद्ध होगा।आपका बाजार और मजबूत होगा।